// गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ0ग0) //

दिनांक– 28.07.2010

// प्रेस विज्ञप्ति //

विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में शोध हेतु Counseling

शोध प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण एवं नियमानुसार शोध प्रवेश परीक्षा से छूट प्रदान प्राप्त ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें उपलब्ध सीटों के आधार पर Counseling हेतु आमंत्रित किया गया है उनकी Counseling की तिथि एवं विभिन्न विभागों में शोध हेतु उपलब्ध सीटों की जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई है। उपरोक्त Counseling संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा 02 से 08 अगस्त 2010 के मध्य सम्पन्न की जायेगी। उपलब्ध सीटों से लगभग तीन गुना ज्यादा संख्या के अभ्यर्थीयों को गुणानुक्रम में प्रकाशित विषयवार सूची से आरक्षण नियमों के अनुसार वर्गवार आमंत्रित किया जा रहा है तथा उक्त Counseling हेतु सूचना संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा भेजी जा रही है तथा इसकी सूची विश्वविद्यालय वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जा रही है । उपलब्ध सीटों के आधार पर अभ्यर्थीयों में से 75% विश्वविद्यालय शोध परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले तथा 25% विश्वविद्यालय शोध परीक्षा से छूट प्राप्त करने करने वाले अभ्यर्थीयों में से मेरिट के आधार पर चुने जायेंगे । विश्वविद्यालय शोध परीक्षा से छूट सिर्फ उन्हीं को मिलेगी जिन्होंने इसके लिये आवेदन दिया था तथा जिनके नाम इस सूची में है । प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त श्रेणी के अभ्यर्थीयों की प्रावीण्य सूची परीक्षण उपरांत अर्हता परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर Counseling के दौरान तैयार की जायेगी । इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी संबंधित विभागाध्यक्षों से संपर्क कर सकते हैं जिनके दूरभाष क्रमांक विश्वविद्यालय वेबसाइट में उपलब्ध है । यह स्पष्ट किया जाता है कि चयनित अभ्यर्थियों में से सिर्फ उन्हीं को विश्वविद्यालय की फेलोशिप प्रदान की जायेगी जिनका चयन विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में पढ़ाये जा रहे विषयों में शोध हेतु किया जायेगा । विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालयों में स्थित शोध केन्द्रों के अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा कोई फेलोशिप नहीं प्रदान की जायेगी। जिन विषयों में शोध निर्देशक उपलब्ध नहीं है उनकी Counseling शोध निर्देशक उपलब्ध होने के बाद की जायेगी । जिसकी सूचना पृथक से यथा समय भेजी जायेगी ।

(हस्ताक्षर) 28/7/2010

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी

1/ संपादक महोदय,.. बिलासपुर कृपया उपरोक्त विज्ञप्ति को निःशुल्क छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित ।

2/ प्रभारी, संगणक विज्ञान विभाग, को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध कराने हेतु ।

(हस्ताक्षर) 28/7/2010

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी